प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **25-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-अवैध शराब के साथ थाना मझोला ने 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार।

- **अवगत कराना है दिनांक 24.09.2025 की रात्रि को उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना मझोला ने हमराही पुलिसबल के साथ आरोपी सुभाष चन्द्र रस्तोगी पुत्र नन्हेमल रस्तोगी निवासी भोलानाथ कालोनी डबल फाटक थाना कटघर जिला मुरादाबाद को 7 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब मार्का ROYAL STAG व्हिस्की व 13 फ्रूटी देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 924/25 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।**

- **दिनांक 24.09.2025 की रात्रि को उ0नि0 श्री सतीश मोरल थना मझोला द्वारा हमराही पुलिसबल के साथ आरोपी प्रवीन कुमार पुत्र ओम सिंह नि0- मौ0 सूरजनगर पीतलनगरी कटघर थाना कटघर जिला मुरादाबाद को 21 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब मार्का ROYAL STAG व्हिस्की व 13 फ्रूटी देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-925/25 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।**

- **दिनांक 25.09.2025 को उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना मझोला द्वारा हमराही पुलिसबल के साथ आरोपी दिलीप पुत्र राधेश्याम निवासी सेनिक विहार कालोनी कुआ के पास संजय नगर रोड थाना इज्जत नगर,बरेली को 21 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब मार्का ROYAL STAG व्हिस्की व 14 फ्रूटी देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0-926/25 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।**

2-जनपदीय पुलिस द्वारा 02 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 03 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस **द्वारा 02 वारंटी तथा 03 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

वारंटीः-

थाना कटघर-01,थाना बिलारी-01,

शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-

थाना कांठ-01,थाना बिलारी-01,थाना ठाकुरद्वारा-01